भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु. 10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

NOTARIAL NOTARIAL

INDIA NON JUDICIAL

S. No. 1217 Year... 2024

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 79AE 490934

शपथ-पत्र

शपथ-पत्र मिनजानिब **प्रशान्त कुमार सिंह (द्वितीय)**, पुत्र श्री महेन्द्र सिंह निवासी प्लाट नं. 22, आई.आर.एस. सोसाइटी, अभय खण्ड (II), इन्द्रापुरम, गाजियाबाद, यू.पी. वर्तमान में सिविल जज (सी.डि.)/एफ.टी.सी. कोर्ट, वाराणसी में कार्यरत हूँ, मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँः-

(1) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि मेरे परिवार में माता-पिता व मेरा एक छोटा भाई है, मेरे छोटे भाई विक्रान्त कुमार सिंह आई.पी.एस. अधिकारी हैं तथा इस समय तेलंगाना राज्य में आई.पी.एस. की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें आई.पी.एस. में तेलंगाना कैडर आवण्टित हुआ है।

(2) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि शपथकर्त्ता के पिता जी की आयु लगभग 74 वर्ष है, वह वर्ष 2010 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद से सेवा-निवृत्त हुए थे तथा वह पेन्शन प्राप्तकर्त्ता हैं।

(3) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि शपथकर्त्ता के पिता जी लम्बे समय से हृदय रोग से पीड़ित हैं तथा उनका वर्ष 2011 ई. में मेदान्ता द मेडिसिटी हास्पिटल, गुरुग्राम, हरियाणा में पी.टी.सी.ए. हुआ था तथा वर्ष 2018 में उसी अस्पताल में उनका ए.वी.आर. (एरोटिक वॉल्व रिप्लेसमेण्ट) बाईपास सर्जरी द्वारा हुआ था।

(4) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि शपथकर्त्ता के पिता जी की हाल ही में दिनांक 12.02.2024 को मेदान्ता द मेडिसिटी हास्पिटल, गुरुग्राम, हरियाणा में मेडिकल जाँच के आधार पर उनके मित्रल वॉल्व में

NOTARY * GOVT. OF INDIA — D. K. Srivastava, Distt.-Varanasi

26/4/2024

कैल्सिफिकेशन आया है और डॉ. प्रवीण चन्द्रा, चेयरमैन, डिवीजन ऑफ इन्टरवेन्शनल कॉर्डियोलॉजी, मेदान्ता द मेडिसिटी हास्पिटल, गुरुग्राम, हरियाणा के प्रमाण-पत्र के अनुसार मेरे पिता जी का इलाज अभी भी इसी अस्पताल में चल रहा है और उन्हें मेडिकल थिरैपी की सलाह दी गयी है। उनकी हृदय रोग सम्बन्धी बीमारी का मेदान्ता द मेडिसिटी हास्पिटल, गुरुग्राम, हरियाणा में बेहतर इलाज है।

(5) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि शपथकर्त्ता के पिता जी के इलाज से सम्बन्धित हाल के सभी मेडिकल पर्चों को सिविल सर्जन (सी.एम.ओ.), गुरुग्राम, हरियाणा द्वारा सत्यापित किया गया है और इस सम्बन्ध में उनके द्वारा सत्यापन सर्टिफिकेट जारी किया गया है।

(6) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि माननीय उच्च न्यायालय के सम्बन्ध में पत्र संख्या-94/एडमिन/(सर्विसेज/-2024, दिनांकित 19.02.2024 के साथ संलग्न प्रोफार्मा-1 सी.एम.एस. (चीफ मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट) डिस्ट्रिक्ट कम्बाइण्ड हास्पिटल, गाजियाबाद द्वारा जारी किया गया है।

(7) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि शपथकर्त्ता की माता जी श्रीमती मंजू सिंह, आयु लगभग 62 वर्ष है, वे गृहिणी हैं और उनका इलाज दिनांक 25.02.2022 से 27.02.2022 तक सैनासा ऑर्थो एण्ड गाइने सेन्टर, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद में हुआ था।

(8) यह कि शपथकर्त्ता शपथपूर्वक कथन करता है कि शपथकर्त्ता के माता-पिता गाजियाबाद में अकेले रहते हैं और मेरे पिता जी की हृदय रोग सम्बन्धी बीमारी का बेहतर इलाज मेदान्ता द मेडिसिटी हास्पिटल, गुरुग्राम, हरियाणा में है।

NOTARY
D.K. Srivastava
Distt.-Varanasi
Regn No.-17885
Exp.-2019-2022
GOVT. OF INDIA
26/4/24

शपथकर्त्ता 26/4/2024

सत्यापन

मैं, प्रशात कुमार सिंह (द्वितीय), शपथकर्त्ता उपरोक्त सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ-पत्र में वर्णित प्रस्तर-1 लगायत 8 में वर्णित तथ्य मेरे व्यक्तिगत संज्ञान में सब सत्य व सही हैं, कोई भी तथ्य असत्य कथित अथवा छिपाया नहीं गया है। सत्यापन आज दीवानी न्यायालय, वाराणसी में किया गया।

दिनांक : 26.04.2024 ई.

शपथकर्त्ता 26/4/2024

SWORN BEFORE ME AND
SOLEMNLY AFFIRM SIGNATURE
AND CONTENTS VERIFIED

D.K. SRIVASTAVA Advocate
NOTARY GOVT. OF INDIA
REGD. NO. 17885
26/4/24